# 15 सौ स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



## नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के प्रांगण में तृतीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन हुआ

**JAMSHEDPUR (23 June) :** जमशेदपुर शहर स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह और विशेष अतिथि के रूप में झारखंड के कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति और वर्तमान में उड़ीसा सरकार में शिक्षण सलाहकार के रूप में कार्यरत प्रो. डॉ. शुक्ला मोहंती. उपस्थित रहे.विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार पाणि, कुलसचिव नागेंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. मोईज़ अशरफ़ के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अन्य अकादमिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी दीक्षांत समारोह को संबोधित किया.

### अकादमिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय के वार्षिक अकादमिक रिपोर्ट को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया और परीक्षा नियंत्रक ने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और परीक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के मंगल भविष्य की कामना की. समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना पर आकर्षक नृत्य से हुआ. जिसके पश्चात माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया.

### दिया गया डिग्री सर्टिफिकेट

दीप प्रज्वलन के उपरांत साईं वंदना के माध्यम से ईश्वर का आह्वान किया गया. विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों को दीक्षांत संकल्प दिलवाया गया. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए दीक्षांत समारोह के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जब हम इस संस्थान खोलने की योजना पर काम कर रहे थे, तब हमने देखा कि बहुत से बच्चे संसाधनों के अभाव में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं.